भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4899
जिसका उत्तर मंगलवार, 23 जुलाई, 2019 को दिया जाना है

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

4899. श्री कार्ती पी. चिदम्बरम:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तमिलनाडु में तिरुचिरापल्ली, भेल (भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) के विस्तार की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विस्तार योजना में कितने को रोजगार प्रदान किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री अरविंद गणपत सावंत)

(क) तमिलनाडु में तिरुचिरापल्ली स्थित विनिर्माण संयंत्र/यूनिट के विस्तार के संबंध में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में वर्तमान में कोई निवेश प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) और (ग): उपर्युक्त (क) के मद्देनजर लागू नहीं।

(घ): तिरुचिरापल्ली स्थित भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के विनिर्माण संयंत्र/यूनिट में वर्तमान में उपलब्ध जनशक्ति और अन्य अवसंरचना सुविधाएं इसके प्रचालन पैमाने और उत्पाद रूपरेखा के साथ पर्याप्त हैं।

*****